विद्यार्थी बाजार का भव्य उद्घाटन, वैल्यू एडेड उत्पादों ने आकर्षित किया ध्यान

पंतनगर। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में विद्यार्थी बाजार का भव्य उद्घाटन माननीय कुलाधिपति एवं महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान तथा निदेशक शोध डा. एस.के. वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

उद्घाटन के पश्चात अपने संबोधन में लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के विद्यार्थी बाजार विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की गुणवत्ता एवं नवाचार की सराहना की। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी बाजार के माध्यम से उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। निदेशक शोध डा. संजय कुमार वर्मा ने कहा कि मूल्यवर्धित उत्पाद कृषि को अधिक लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने पर बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी बाजार में विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। इनमें दुग्ध उत्पाद जैसे आइसक्रीम, पनीर, दही, खोया, भैंस का घी, कुल्फी, मंडुआ लस्सी, मीट एवं चिकन उत्पाद तथा अन्य मूल्य संवर्धित उत्पाद शामिल रहे, जिन्होंने आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभिन्न विभागों के निदेशक एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की इस पहल को कौशल विकास, नवाचार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।